# दवा बनाने वाली कंपनी के नाम पर 65 लाख की ठगी



अजमेर की अलवरगेट थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी ठग महिला पूजा।

**अजमेर, (कासं)।** जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के दिशा निर्देशों पर चोर, ठग सहित अन्य अपराध करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अलवर गेट थाना पुलिस ने दवाई बनाने वाली कंपनी के नाम पर 65 लाख रुपए की ठगी के मामले में शातिर ठग महिला को ऋषिकेश से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल कर ली है। पुलिस आरोपी महिला को

**■ अलवर गेट पुलिस की कार्रवाई, ठग महिला ऋषिकेश से गिरफ्तार**

गिरफ्तार कर अजमेर लाई, जिसे न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया। पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ में जुटी है।

मामले का खुलासा करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने बताया कि 12 जुलाई, 2021 को बैंक कॉलोनी नाका मदार निवासी परिवादी कुलदीप ने अलवरगेट थाने में शिकायत देते हुए बताया कि अप्रैल 2021 में हार्परमेय नामक व्यक्ति ने मैसेन्जर पर सम्पर्क कर स्वयं को दवाई बनाने वाली कंपनी विल फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड बर्मिंघम (यूके) का मार्केटिंग सलाहकार बताया और कहा कि उक्त कम्पनी का प्रबंध निदेशक नोहा विलियम्स है। दोनों मिलकर कम्पनी के लिए दवाइयों में काम आने वाली टर्मिनेट रॉ आयल खरीद करते है। भारत में इनकी सप्लाई का ऑफिस श्री ऑर्गेनिक प्लांटेशन के नाम से नागपुर महाराष्ट्र के पास भंडारा में स्थित है। इसकी सप्लायर पूजा पायरे है। परिवादी ने बताया कि कंपनी के प्रतिनिधियों ने लालच देकर उससे समय-समय पर रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा कुल 65 लाख रुपए ट्रासंफर करवाकर परिवादी को किसी प्रकार को कोई मुनाफा नहीं देकर उसके साथ ठगी की गई। परिवादी की रिपोर्ट पर अलवरगेट थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने प्रकरण में धारा 66सी व 66डी आईटी एक्ट जोड़ी गई। पुलिस ने मुखबीर की सूचना और साइबर सैल द्वारा जुटाए गए तथ्यों के आधार पर ठग महिला कुमारी आरती शर्मा पुत्री रवि शर्मा निवासी म.न. 1895 सेक्टर नम्बर 45 सी बूडैल थाना सेक्टर 45 जिला बूडैल चंण्डीगढ हाल म.न. 1260 सेक्टर नम्बर 45 सी बूडैल थाना सेक्टर 45 जिला बूडैल चंण्डीगढ को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पिछले एक वर्ष से अधिक समय गुजरने व प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये एसपी जाट ने एसपी विकास सांगवान, पुलिस उपअधीक्षक वृत्त दक्षिण सुनील सिहाग के नेतृत्व में श्याम सिंह पुनि थानाधिकारी अलवरगेट के निर्देशन में थाना अलवरगेट व साईबर सैल की टीमें तैयार कर संदिग्ध मोबाईल नम्बरों व बैंक खातो धारकों की तस्दीक हेतु मुम्बई, हैदराबाद, उत्तरप्रदेश, बैंगलोर, चंडीगढ व दिल्ली टीमें भेजी गई।

## निजी बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सुजानगढ़, (निसं)।** सालासर रोड पर अनियंत्रित बस की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। चिकित्सकों ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुर्पुद कर दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड गए तथा टकराने के बाद बस सड़क किनारे स्थित एक पेड से टकरा कर खड़ी हो गई। पुलिस को मृतक के भाई धनबहादुर ने रिपोर्ट दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जयपुर से आ रही निजी बस ने सालासर रोड पर बाइक सवार शिवराज पुत्र लालबहादूर निवासी नेपाल के टक्कर मार दी तथा शिवराज को अपने साथ घसीटते हुए ले गई और एक पेड से टकरा गई। जिससे शिवराज की मौके पर ही मौत हो गई।

गनीमत रही कि यात्रियों से खचाखच भरी बस में किसी के चोट नहीं आई। जबकि बस चालक मौके से फरार हो गया तथा बस को पुलिस ने जब्त कर लिया। हादसे की सूचना मिलने पर सदर थाना सीआई मनोज कुमार मूण्ड ने मौके पर पहूंच कर घटना की जानकारी ली तथा टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बूलेंस चालक भागीरथ जाट व राकेश प्रजापत की सहायता से मृतक के शव को राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां पर चिकित्सकों ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुर्पुद कर दिया। मृतक लोढसर स्थित मारूति नन्दन स्टोन क्रेशर में रसोईया का काम करता था। पुलिस को मृतक के भाई धनबहादुर ने रिपोर्ट दी।

# युवक से मारपीट, घटना सीसीटीवी में कैद हुई



सुजानगढ़ के जे.डी.एम. अस्पताल में भर्ती घायल हाकम अली।

**सुजानगढ़, (निसं)।** कोतवाली थाने में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोप का मामला दर्ज हुआ है।

जानकारी के अनुसार इलियास गौरी पुत्र मोहम्मद हनीफ गौरी निवासी चांद बास, वार्ड 10, सुजानगढ ने रिपोर्ट दी कि मेरी व मेरे भाई की आसोटा में तिरपाल की दुकान है। 13 अगस्त को मैने अपने भाई को एक लाख पचास हजार रूपये देकर आगामी मेलों की बिक्री के लिए तिरपाल खरीदने के लिए जाकिर अगवान की गोदाम भेजा। रिपोर्ट में बताया है कि मेरा भाई जब जाकिर अगवान की गोदाम पर जा रहा था, तब सुल्तान, आसिफ, शाहिद ने उसका पीछा किया तथा जाकिर अगवान के गोदाम के पास मेरे भाई द्वारा पिकअप लगाने तथा पिकअप से उतर कर तिरपाल डालने से पहले डाला साफ करने के दौरान पीछे से घात लगा कर सुल्तान, आसिफ व शाहिद ने उस पर हमला कर दिया। सुल्तान ने मेरे भाई के पैर पर लोहे के पाइप से मारी, जिससे वह नीचे गिर गया। इसके बाद आरोपियों ने उसकी जेब में रखे डेढ लाख रूपये छीनने का प्रयास किया। रूपए बचाने की कोशिश करने पर आसिफ ने चाकू से हमला किया, जिससे उसका अंगुठा कट गया। रिपोर्ट में इलियास गौरी ने बताया है कि सुल्तान, आसिफ व शाहिद ने लोहे के पाइप व सरियों से मारपीट कर मेरे भाई को मरा हुआ समझ कर उसकी जेब में रखे डेढ लाख रूपये, मोबाइल और पर्स लेकर भाग गए। रिपोर्ट में बताया गया है कि आते-जाते लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी यही हश्र करने की धमकी दी। जानकारी मिलने पर हम वहां पर पहूंचे और घायल हाकम को लेकर राजकीय अस्पताल पहूंचाया। इलियास ने रिपोर्ट में बताया है कि मारपीट की यह घटना सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई।

## मरीज की मौत पर हंगामा

**भरतपुर, (निसं)।** एक नर्सिंग होम में रविवार को इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो जाने पर उनके परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगा अस्पताल में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची अटलबंद थाना पुलिस एवं कोतवाली थाना पुलिस ने परिजनों को समझाइस कर मामला शांत कराया।

परिजनों की शिकायत के बाद शव का जिला आरबीएम अस्पताल में मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा। जगरौठा मौहल्ला निवासी रोहताश अपने ससुराल गया हुआ था। जहां सीढियों से गिरने के चलते उसके पैर में फ्रेक्चर आ गया था। रोहताश आरजीएचएस योजना के अंतर्गत अपने पैर का इलाज काली बगीची स्थित सिंघल नर्सिंग होम में कराने के लिए अस्पताल में भर्ती हो गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा रोहताश के इलाज के लिए मरीज के परिजनों को रक्त की व्यवस्था करने को कहा जिस पर परिजनों के द्वारा एक निजी लैब से रक्त उपलब्ध कराया। मरीज के परिजनों ने कहा कि मरीज को ब्लड चढाने के बाद तबियत बिगड गई और उसकी मौत हो गई। जिस पर परिजनों ने हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर अटलबंद थाना पुलिस व कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पंहुची। जहां उनके द्वारा परिजनों से समझाइस की गई। अस्पताल प्रबंधन का कहना था कि मरीज की तबियत खराब होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया था। लेकिन मरीज की मौत हो गई। मरीज के रक्त की कमी थी जिसे लेकर उसे रक्त चढाया गया था। लेकिन रक्त बाहर की लैब से आया था। जिसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है। मरीज के परिजनों की शिकायत पर पुलिस के द्वारा मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# डिस्कॉम ने लोक अदालत में 7307 मामले निपटाए

**अजमेर, (कासं)।** विद्युत उपभोक्ताओं के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत बड़ी राहत बनकर आई है। डिस्कॉम ने लोक अदालत के माध्यम से 7307 मामलों का निस्तारण किया। इनमें 5807 मामले स्थायी विद्युत कनेक्शन विच्छेद के तथा 1500 मामले बिजली चोरी या दुरुपयोग (वीसीआर) से संबंधित थे। इन प्रकरणों के निस्तारण होने से अजमेर डिस्कॉम को 8.17 करोड़ रुपयों की राजस्व प्राप्ति होगी।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एन एस निर्वाण ने बताया कि न्यायालय में विचाराधीन विद्युत प्रकरण वाले उपभोक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से राहत पहुंचाने के लिए अजमेर डिस्कॉम द्वारा निर्देश दिए गए

**■ अजमेर डिस्कॉम को होगी 8.17 करोड़ रूपए की आय**

थे। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण निस्तारित होने से अजमेर डिस्कॉम को करीब 8.17 करोड़ रुपयों की राजस्व की प्राप्ति तथा 7307 उपभोक्ता लाभान्वित हुए है।

प्रबंध निदेशक निर्वाण ने बताया कि स्थायी कनेक्शन विच्छेद वाले प्रकरणों में लोक अदालत के माध्यम से अजमेर सिटी सर्किल में 90 उपभोक्ताओं से 7.24 लाख रुपये, अजमेर जिला सर्किल में 61 उपभोक्ताओं से 7.07 लाख रुपये, भीलवाड़ा सर्किल में 427 उपभोक्ताओं से 36.69 लाख, नागौर सर्किल में 671 उपभोक्ताओं से 01.22 करोड़ , झुंझुनू सर्किल में 683 उपभोक्ताओं से 81.62 लाख, सीकर सर्किल में 868 उपभोक्ताओं से 92.98 लाख, बांसवाड़ा सर्किल में 558 उपभोक्ताओं से 33.38 लाख चित्तौड़गढ़ सर्किल में 1262 उपभोक्ताओं से 01.11 करोड़, डूंगरपुर सर्किल में 394 उपभोक्ताओं से 21.97 लाख, प्रतापगढ़ सर्किल में 220 उपभोक्ताओं से 12.92 लाख राजसमंद सर्किल में 275 उपभोक्तओं से 93.51 लाख तथा उदयपुर सर्किल में 298 उपभोक्ताओं से 42.38 लाख रुपयों की अजमेर डिस्कॉम को राजस्व की प्राप्ति हुई।

## हमले में किसान घायल

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दातली से हमला कर किसान को घायल कर भाग जाने का मामला दर्ज किया गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित मानपुरा लखावली सुखेर निवासी केसुलाल पुत्र हेमराज डांगी पर दियावाड़ा निवासी महेन्द्रसिंह पुत्र भूरसिंह राठौड दातली से हमला कर फरार हो गया। केसुलाल व महेन्द्रसिं के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। शनिवार को केसुलाल अपने खेत पर फसल काट रहा था। इस दौरान मौका देख कर आए आरोपी ने धक्का देकर केसुलाल को निचे गिरा कर हाथ से दांतली छीन कर उसके सिर पर हमला कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे घायल अवस्था में चिकित्सालय पहुंचा कर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# सड़क निर्माण रुकवाने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**हनुमानगढ़, (निसं)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसार 24 पीएन-ए से 36 एसटीजी ए रामपुरा तक 5.5 किलोमीटर सड़क स्वीकृत की गई। मिसिंग लिंक सड़क का निर्माण रुकवाने की अनुशंसा करने पर ग्रामीणों में कांग्रेस नेता विनोद गोठवाल के प्रति गुस्सा है।

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा। एक ज्ञापन प्रभारी मंत्री गोविंद मेघवाल व जिला प्रमुख कविता मेघवाल को सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि विधानसभा पीलीबंगा की ग्राम पंचायत 27 पीबीएन के गांव 24 पीबीएन-ए से 36 एसटीजी ए रामपुरा ग्राम पंचायत को जोड़ने वाला कच्चे रास्ते को पक्की सड़क बनवाने को लेकर ग्रामीण कई वर्षों से जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से मांग कर रहे थे। बजट घोषणा में 36 एसटीजी-ए रामपुरा से 24 पीबीएन-ए तक साढ़े 5 किलोमीटर की 1.80 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे। पीलीबंगा विधानसभा से कांग्रेस से पीसीसी सदस्य विनोद गोठवाल द्वारा जिला कलेक्टर को अनुशंसा की गई कि बिंदु नंबर 4 से मैं सहमत नहीं हूं। इस रास्ते के पक्का होने से आमजन को कोई लाभ नहीं होगा। यह व्यक्ति विशेष लाभ देता है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि यदि यह मिसिंग लिंक सड़क नहीं बनेगी तो 3 ग्राम पंचायतों के लोग आपस में मिलजुल नहीं सकेंगे। इसी रास्ते से 8 गांव के मजदूर सूरतगढ़ एयर फोर्स व छावनी में मजदूरी करने रोजाना जाते हैं। उनको भारी परेशानी होती है। रेलवे स्टेशन रामपुरा रंग महल पर 8 गांव के ग्रामीण इसी रास्ते से होकर जाते हैं।

रामपुरा गांव में बैंक, सहकारी समिति, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सहित अनेक सुविधाएं होने से ग्रामीणों को इसी कच्चे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। इससे भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सुरेंद्र भद्रवाल पूर्व डायरेक्टर, वार्ड पंच राकेश सुथार, भूपेंद्र रिवाड़ीया, गौरी शंकर मेघवाल, दिलीप लेगा, बीरबल सुथार, हंसराज सुथार, सतपाल, सुभाष वर्मा, चंद्रभान कटारिया सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## रेलवे ट्रेक से वायर चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के एकलिंगपुरा गांव के पिछे स्थित रेल्वे ट्रेक से अज्ञात चोर ब्राडगेज के वायर काट कर चुरा ले गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के सवीना थाना क्षैत्र एकलिंगपुरा गांव के पिछवाड़े में स्थित रेल्वे ट्रेक पर ब्राडगेज लाईन बिछाने का काम चल रहा है। जहां पर कार्यरत कंपनी कर्मचारियों ने दो दिन पूर्व करीब 250 फिट वायर खींच कर छोड़ रखा था। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गए।

इसका पता चलने पर मौके पर कार्यरत रेल्वे की ठेका कंपनी गुबाला नर्सिना मूर्ती नगर थाना राजोर इस्ट गोदावरी आंद्रप्रदेश हॉल सालासर टेक्नों इंजिनियरिंग लि. एडमिन मैनेजर इलेक्टक उमरड़ा विनोद कुमार पुत्र रामामूर्ति ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच सुरेशदास कर रहे हैं।

# अवैध शराब सहित बस जब्त, चालक गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** सायरा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान पचास हजार की अवैध शराब से भरी बस जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया। बस सायरा से सूरत जा रही थी।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कुंदन कंवरिया, पुलिस उप अधीक्षक भुपेन्द्र के सुपरविजन में सायरा थानाधिकारी करनाराम के नेतृत्व में गठित दल ने 13 अगस्त को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर सायरा से सूरत चलने वाली राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अनुबंधित बस को मंदार पेट्रोल पंप के पास रोक कर चैक किया तो उसमें चार कर्टन छह बोतल अवैध शराब पाई की।

इस पर चालक काकरवा भुपालसागर चित्तौड़गढ़ निवासी अम्बालाल पुत्र भगवानलाल को गिरफ्तार कर अवैध शराब सहित बस को जब्त कर मामला दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को रिमाण्ड पर लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि बस सायरा से सूरत जा रही थी। बरामद शराब की कीमत करीब पचास हजार रूपये बताई जा रही है।

## अवैध शराब जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** दुकान में अवैध रूप से शराब बेचने के आरोपी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से अस्सी बोतल से अधिक शराब जब्त की।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर प्रताप नगर थानाधिकारी दर्शनसिंह के नेतृत्व में एएसआई पर्वतसिंह मय टीम ने जिंक चौराहा पर स्थित दुकान पर दबीश दी। जहां से पचास हजार रूपये की करीब 85 बोतल अवैध शराब जब्त कर धुणीमाता डबोक हॉल जिंक स्मेल्टर निवासी मोहनलाल पुत्र छगनलाल चौधरी को गिरफ्तार किया। अनुसंधान अधिकारी पर्वतसिंह ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमाण्ड लिया है। आरोपी का पूर्व में सरकारी ठेका था। ठेका खत्म होने के बावजूद वह शराब बेचने की जानकारी सामने आई है।

# बिजली समस्याओं को लेकर दिया धरना

**सूरतगढ़, (निसं)।** समीप गांव रंगमहल पंचायत से जुड़े ग्रामीणों ने विद्युत सप्लाई की मांग को लेकर सूरतगढ़-रंग महल सड़क मार्ग पर धरना देते हुए जाम लगा दिया।

रंगमहल सरपंच विजय सिंह ताखर ने बताया कि हाल ही में स्थापित किए गए नए 33 केवी जीएसएस पर लगा निजी कर्मचारी अपनी मनमानी के अनुसार बिजली की सप्लाई बहाल करते है। ग्रामीणों की मांग है कि सिंचाई पानी के लिए छोड़ी जाने वाली बिजली रात की बजाय दिन में बहाल की जाए, ताकि ग्रामीणों को इसका समुचित लाभ मिल सके। जिसको लेकर ग्रामीणों ने 1 दिन पूर्व भी डिस्कॉम

**■ सिंचाई पानी के लिए बिजली रात की बजाय दिन में देने की मांग**

कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को समस्या के समाधान की मांग का ज्ञापन दिया था। वहीं मामले की सूचना मिलने पर सूरतगढ़ से जोधपुर विद्युत वितरण निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की। काफी देर की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने मांगों को लेकर सहमति बनने के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।

# क्यूआर कोड स्कैन करवाकर ठगी, मामला दर्ज

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** सादुलशहर थाना क्षेत्र के गांव गद्दरखेड़ा में क्यूआर कोड स्कैन करवाकर 44 हजार रुपए की ठगी करने का मामला समने आया है। ठगी करवाने वाले अज्ञात व्यक्ति ने खुद को पीड़ित का परिचित बताया। उसे विश्वास में लेकर उसके मोबाइल पर एक क्यूआर कोड भेजा। आरोपी ने पीड़ित को बताया कि यह क्यूआर कोड स्कैन करने से उसके खाते में कुछ रुपए आ जाएंगे। पीड़ित आरोपी की बातों में आ गया तथा क्यूआर कोड स्कैन करते ही उसके खाते से रुपए निकल गए।

सादुलशहर थाने में दर्ज मामले में पीड़ित धर्मेंद्र पुत्र धर्मपाल ने बताया कि वह गांव गद्दरखेड़ा का रहने वाला है। पांच अगस्त की रात उसके मोबाइल फोन पर अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने उसे उसका परिचित राधेश्याम मीणा बताया। धर्मेंद्र ने बताया कि वह राधेश्याम मीणा को जानता है, ऐसे में उसने कॉल करने वाले पर विश्वास कर लिया। कॉल करने वाले ने उसे कहा कि उसे किसी व्यक्ति से पचास हजार रुपए लेने हैं। उसका कहना था कि उसका मोबाइल ठीक से चल नहीं रहा।

ऐसे में उसके खाते में रुपए ट्रांसफर नहीं हो रहे। आरोपी ने धर्मेंद्र को कहा कि वह उसे एक क्यूआर कोड भेज रहा है। वह उसे स्कैन कर ले। क्यूआर कोड स्कैन करने से वे रुपए उसके खाते में आ जाएंगे, जिसे बाद में वह पीड़ित से ले लेगा। उसके थोड़ी देर बाद आरोपी ने धर्मेंद्र के मोबाइल पर क्यूआर कोड भेजा। जैसे ही धर्मेंद्र ने क्यूआर कोड को स्कैन किया उसके खाते से दो किस्तों में 44 हजार रुपए कट गए। पीड़ित ने जिस नंबर से कॉल आई थी। उस पर कॉल किया और रुपए कटने की जानकारी दी तो आरोपी ने ठगी करने की बात मान ली। सादुलशहर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

# दलित छात्र की पिटाई के बाद मौत की निंदा

**अजमेर, (कासं)।** अखिल भारतीय मेघवंश महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. राजकुमार जयपाल ने जालौर में हेडमास्टर की मटकी के पानी पीने पर दलित छात्र की पिटाई एवं दौराने इलाज छात्र की मृत्यु होने पर कड़े शब्दों में निंदा की है।

मेघवंश समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर संपूर्ण प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करवाने, स्कूल का पंजीयन निरस्त करने, थाना अधिकारी एवं वृत अधिकारी को निलंबित करने, प्रकरण की फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रायल, मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा एवं सरकारी नौकरी देने, इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति को रोकने के लिए जिला प्रशासन को पाबन्द करने एवं हर जिले में दलित उत्पीड़न को रोकने के लिए जिला स्तर पर समन्वय समिति बनाने की मांग की है।

अखिल भारतीय मेघवंश महासभा की रविवार को पुष्कर में आयोजित बैठक में यह प्रस्ताव पास किया गया कि एक ओर देश आजादी

**■ मेघवंशी समाज ने सीएम गहलोत से त्वरित कार्रवाई करने की मांग की**

का अमृत महोत्सव मना रहा है वहीं दूसरी ओर राजस्थान के जालोर में संकीर्ण मानसिकता से ग्रसित एक अध्यापक ने तीसरी कक्षा के दलित छात्र की मटके से पानी पीने पर इतनी बर्बरता से पिटाई करी की इलाज के दौरान छात्र की मृत्यु हो गई। शिक्षक द्वारा मां सरस्वती के पवित्र प्रांगण में छात्र की पिटाई से मौत होने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है।

## इंद्र कुमार मेघवाल को न्याय की मांग

**डूंगरपुर, (निसं)।** स्टूडेंट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया जिला कमेटी जिला सचिव जीतेश कुमार वरहात ने बताया कि जालौर जिले सायला क्षेत्र में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में हुई घटना के विरोध में जिला उपाध्यक्ष शिल्पा और पूर्व उपाध्यक्ष निलेश के नेतृत्व में आक्रोश रैली एसबीपी कॉलेज कैम्प के पास से जिला कलेक्टर कार्यालय पर पहुंची और आम सभा में परिवर्तित हो गई।

आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र इंद्र कुमार मेघवाल की हत्या समाज और व्यवस्था पर सवाल खडे करता है जिला जालोर की सायला तहसील के सूराणा गाँव की एक निजी स्कूल के शिक्षक ने पानी के मटके से पानी पीने पर एक दलित बच्चे को बेरहमी से पीटा और पीटने से मासूम की मौत हो गई। यह घटना देश की आजादी के 75 साल बाद हमारे समाज और व्यवस्था पर कई सवाल खडे करती है। आज भी हम किस प्रकार की मानसिकता के शिकार हैं।

एसएफआई इस घटना की कडे शब्दों में निंदा करता है और सरकार से मांग की है कि घटनाओं को रोकने के लिए सरकार टीम गठित करे तथा अपराधी को कठोर दंड मिले। ज्ञापन देते समय प्रतिनिधि मंडल में जिला उपाध्यक्ष शिल्पा, हिमांशु कुमार, चिराग पूर्व उपाध्यक्ष निलेश रोत आदि मौजूद थे।

# हमारी परिस्थितियों के लिए हमारे विचार जिम्मेदार हैं : आरके विश्नोई

**आबूरोड, (निसं)।** आबूरोड़ के ब्रह्माकुमारीज संस्थान के साइंटिस्ट, इंजीनियरिंग एवं ऑर्किटेक्ट विंग की ओर से चार दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस कम मेडिटेशन रिट्रीट का आयोजन मनमोहिनीवन परिसर आबूरोड़ में किया जा रहा है।

अनिश्चितताओं का मुकाबला विषय पर आयोजित कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के रूप में ऋषिकेश से आये टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन एवं एमडी आरके विश्नोई ने कहा कि परिस्थितियां हमारी स्थिति पर डिपेंड करती हैं। हमारी सभी परिस्थितियों के लिए सबसे ज्यादा हमारे विचार जिम्मेवार हैं। हमारा पहनावा यह तय नहीं करता कि अभी हम अच्छे या कितने बुरे हैं। परिस्थिति में हमारी मन की स्थिति है तय करती है कि हम कितने वर्तमान समय ठीक हैं या गलत हैं। ेरे जीवन में आध्यात्मिकता के समावेश विचार क्रांति आई और जीवन सरल और सहज बन गया। काठमांडू नेपाल से पधारे डॉ. गोविंद पोखरेल ने कहा कि हम इस सृष्टि में अकेले हैं जो हमारे जैसा और दूसरा कोई नहीं है। हम जब इस धरती पर पैदा हुए तब




आबूरोड़ के ब्रह्माकुमारी संस्थान में देशभर से आए सांइटिस्ट, इंजीनियर्स व ऑर्किटेक्ड का नेशनल कॉन्फ्रेंस कम मेडिटेशन रिट्रीट का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर किया।

ऑलमाइटी ने हमें दो कारणों से धरती पर भेजा एक ज्ञान बांटने के लिए, दूसरा एनर्जी लेनदेन के लिए। हम सभी इस सृष्टि के एक अजूबा ही हैं।

यूएसए से आए इंजीनियर रामप्रकाश ने कहा कि हम ज्यादातर बात करते हैं अनिश्चितता की और फिर ज्यादा डर का माहौल होता है। जहां अनिश्चितता है वहीं विश्वास काम आता है। जहां डर है, वहीं हिम्मत काम आती है। नेपाल के जल संसाधन मंत्रालय के पूर्व डायरेक्टर जनरल बिनोद कुमार अग्रवाल ने कहा कि 2015 में नेपाल में बडा भूकंप आया था। उस समय मैं पांचवें फ्लोर के तले में था। उस भूकंप से मैं इतना डरा हुआ था कि तीन दिन तक गाडी में ही रात गुजारी। महीनों तक हमारे बेड में लगता था कि भूकंप जारी है। बाद में फिर मैंने ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र पर जाकर सात दिन का राजयोग मेडिटेशन कोर्स किया। आध्यात्मिक ज्ञान, सृष्टि चक्र के ज्ञान और

**■ चार दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस कम मेडिटेशन रिट्रीट का आयोजन**

ड्रॉमा का सच्चा ज्ञान मिलने के बाद जीवन में फिर कोई आपदा आई तो मन बिल्कुल भी विचलित नहीं हुआ। इसके बाद कई भूकंप आए लेकिन मैंने उसको धरती मां का झूला समझ कर एंजॉय किया। विंग के अध्यक्ष राजयोगी मोहन सिंघल ने कहा कि आप सभी यहां चार दिन तक यहां के पवित्र वातावरण का और जो ज्ञान मिलेगा उसका अपने जीवन में एप्लाई करेंगे तो वैचारिक स्तर पर बडा परिवर्तन देखने को मिलेगा। विंग के नेशनल को-ऑर्डिनेटर भारत भूषण भाई ने कहा कि आध्यात्म के जीवन में समावेश से हम किसी भी परिस्थिति में निश्चिंत रहते हैं। संस्थान की एडिशनल चीफ राजयोगिनी जयंती दीदी ने ऑनलाइन संबोधित किया। अति. महासचिव बीके बृजमोहन, जोनल कोऑर्डिनेटर बीके पीयूष ने विचार व्यक्त किए। महेन्द्रगढ की बीके माधुरी बहन ने मंच संचालन किया।